पटना में बनेगा राज्य का पहला मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क

चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2022 को बिहार में उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौंड्रिक ने बताया कि पटना ज़िले के जैतिया गाँव के समीप सौ एकड़ ज़मीन में राज्य का पहला मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- ज्ञातव्य है कि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क एक प्रकार से वृहत् वेयरहाउस होता है, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होता है। यहाँ कोल्ड स्टोरेज, मशीनीकृत हैंडलिंग, बड़े-बड़े वाहनों के लिये पार्किंग व कस्टम क्लियरेंस की व्यवस्था रहती है।
- अभी तक बिहार में एक भी लॉजिस्टिक पार्क नहीं है। इसके बनने के बाद ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने उत्पाद को स्टोर करने में सुविधा हो जाएगी।
- पटना ज़िले के जैतिया गाँव के समीप यह जगह निर्माणाधीन आमस-दरभंगा फोरलेन के समीप है जिसके कारण इसे कई ज़िलों की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके अतिरिक्त यह नेऊरा-दनियावां रेललाइन के भी करीब है। इस कारण रेल संपर्कता भी है।
- हाल के दिनों में कई बड़े निवेशकों ने बिहार में लॉजिस्टिक पार्क विकसित किये जाने में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। इनमें अडानी समूह, ओसवाल ग्रुप, टीवीएस समूह व कुछ अन्य समूह हैं। इनके द्वारा लॉजिस्टिक पार्क के लिये संगठित क्षेत्र तैयार किया जाएगा।
- उद्योग विभाग के आला अधिकारियों ने बताया कि उद्योग विभाग जल्द ही अपनी लॉजिस्टिक पॉलिसी लाने की तैयारी में भी है।
- बिहार में ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबार का बड़े स्तर पर विस्तार हुआ है। इनकी समस्या यह है कि इन्हें अपने उत्पाद को स्टोर कर रखने के लिये पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस नहीं है। परिवहन शुल्क भी बढ़ जाता है। लॉजिस्टिक पार्क रहने से इन्हें अपने उत्पादों को स्टोर कर रखने के लिये पर्याप्त जगह मिल सकेगी। लॉजिस्टिक पार्क में परिवहन की भी व्यवस्था रहेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-first-multi-modal-logistic-park-to-be-built-in-patna